(63)

## बिहार सरकार

## विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

**पत्रांक – वि० प्रा० (II) नियुक्ति–03/2022/** 2294 **/पटना, दिनांक–** 13.05.25

प्रेषक,

**संयुक्त सचिव,**
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

श्री राजेश रंजन सिन्हा,
पिता– सच्चिदानंद सिन्हा
पता– ग्राम+पो०– ढल्लुरायडीह, भाया–रोहिणी, थाना– देवीपुर, जिला–देवघर (झारखण्ड)–814152, ई–मेल आईडी– snh_rjsh@yahoo.com, Mob No.-9939213102

**विषय –** शैक्षणिक प्रमाण–पत्रों की सत्यापन हेतु उपस्थित होने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में श्री राजेश रंजन सिन्हा, (अनुक्रमांक –202037000010) सह–प्राध्यापक (रसायन) के पद पर नियुक्ति हेतु शैक्षणिक प्रमाण पत्र/जाति प्रमाण–पत्र एवं अन्य संगत प्रमाण पत्रों की जाँच के हेतु दिनांक–14.05.2025 को पूर्वाह्न 03:00 बजे विभागीय सभागार कक्ष, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना में की जायेगी

उपरोक्त उल्लिखित उम्मीदवार को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर निम्नांकित मूल प्रमाण–पत्र एवं कागजात के साथ जॉच हेतु उपस्थित होगें।

(i) मैट्रिक उत्तीर्णता का मूल प्रमाण–पत्र एवं अंक पत्र।

(ii) बी०ई०/बी०टेक० एवं एम०ई०/एम०टेक०/एम०एस०सी० उत्तीर्णता का मूल प्रमाण–पत्र एवं अंक पत्र।

(iii) अन्य उच्चतर शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण–पत्र जो आवेदन–पत्र के साथ संलग्न किया गया हो।

(iv) विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना सम्प्रति विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना से निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र (संविदा सहायक प्राध्यापक के रूप में)।

(v) अगर उम्मीदवार सरकारी कर्मचारी हो तो नियोक्ता (Employer) से अनापति प्रमाण–पत्र (No objection Certificate) ।

(vi) सक्षम प्राधिकार से निर्गत जाति प्रमाण–पत्र (आरक्षित कोटि के अनु0 जाति/अनु0 जनजाति उम्मीदवार के लिए)।

(vii) सक्षम प्राधिकार से निर्गत क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र (पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु)।

**नोट :–** संबंधित विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन करने के समय दिया गया क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र की मूल प्रति अनिवार्य रूप से लाना सुनिश्चित करेंगे।

(viii) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्थायी आवासीय प्रमाण–पत्र।

(ix) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र/स्वतंत्रता सेनानियों के पोता/पोती/नाती/ नतीनी होने संबंधी प्रमाण पत्र।

(x) बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा निर्गत प्रवेश पत्र (Admit Card) एवं आधार कार्ड।

(xi) पासपोर्ट साईज का 2 (दो) रंगीन फोटो। दोनो फोटो के पृष्ठभाग (पीछे) में अपना नाम एवं अनुक्रमांक अंकित कर समर्पित करेंगे।

(xii) पूर्ण रूप से भरा हुआ पूर्ववृत सत्यापन प्रपत्र (दो प्रतियों में) समर्पित करेंगे।

(xiii) अनुमंडल पदाधिकारी/कार्यपालक दंडाधिकारी द्वारा निर्गत विहित प्रपत्र में इस आशय का शपथ–पत्र कि सभी प्रमाण–पत्र सही है। उम्मीदवार के विरूद्व किसी थाना में अथवा न्यायालय में कोई मामला दर्ज/विचाराधीन नहीं है। अभ्यर्थी का आचरण प्रतिकुल नहीं है।

(xiv) उपरोक्त दोनों विहित प्रपत्र विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/dst/ पर उपलब्ध है जिसे डाउनलोड किया जा सकता है।

(xv) प्रमाण–पत्रों की जॉच हेतु सम्मिलित होने वाले उम्मीदवार को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता अनुमान्य नहीं होगा।

(xvi) उम्मीदवार सभी शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति साथ लाना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन

13.5.25

**संयुक्त सचिव,**
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

अनंत/13.05.25/D:\DST_2025\JOINT SECRETARY_G MISHRA